PRESS RELEASE

विश्वस्तरीय हॉकी सुविधाओं एवं अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हो रहे स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का हॉकी इंडिया प्रतिनिधिमंडल ने किया अवलोकन

आधुनिक खेल अधोसंरचना से मध्यप्रदेश में खेल विकास को मिल रही नई दिशा

अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए तैयार हो रहा मध्यप्रदेश

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही एमपी हॉकी अकादमी

भोपाल | 17 मई 2026

मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकसित विश्वस्तरीय हॉकी अधोसंरचना एवं भोपाल स्थित बरखेड़ा नाथू में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप निर्माणाधीन सर्वसुविधायुक्त अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का हॉकी इंडिया के वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल द्वारा अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश के संचालक श्री अंशुमान यादव के साथ हॉकी इंडिया के महासचिव श्री भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष श्री सेकर जे. मनोहरन तथा महानिदेशक कमांडर आर.के. श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने मध्यप्रदेश हॉकी अकादमी में उपलब्ध अंतरराष्ट्रीय स्तर की एस्ट्रोटर्फ सुविधाओं, आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्थाओं एवं खिलाड़ियों को प्रदान किए जा रहे उन्नत खेल वातावरण का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान हॉकी इंडिया के पदाधिकारियों ने प्रदेश में विकसित की गई खेल सुविधाओं एवं आधुनिक अधोसंरचना की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही विश्वस्तरीय सुविधाएं भारतीय हॉकी के भविष्य को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित हो रहा आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

प्रतिनिधिमंडल ने बरखेड़ा नाथू में निर्माणाधीन सर्वसुविधायुक्त अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्रगति एवं वहां विकसित की जा रही अत्याधुनिक खेल अधोसंरचना का भी विस्तृत अवलोकन किया। यह कॉम्प्लेक्स अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है, जहां भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की व्यापक संभावनाएं निर्मित होंगी।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस प्रकार की समग्र एवं आधुनिक खेल सुविधाएं खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, फिटनेस, रिकवरी एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी। साथ ही यह परिसर मध्यप्रदेश को देश के प्रमुख खेल केंद्रों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर रही एमपी हॉकी अकादमी

मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी लगातार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ा रही है। अकादमी के खिलाड़ियों ने विगत वर्षों में भारतीय टीम में स्थान बनाकर विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं।
जूनियर एवं सीनियर स्तर पर खिलाड़ियों की निरंतर सफलता यह प्रमाणित करती है कि मध्यप्रदेश देश में हॉकी प्रतिभाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो चुका है। अकादमी से तैयार खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रदेश की मजबूत खेल संस्कृति एवं प्रशिक्षण प्रणाली को नई पहचान दिला रहे हैं।

खेल विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही प्रदेश सरकार

प्रदेश में खेलों के समग्र विकास हेतु मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।
आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों, अनुभवी प्रशिक्षकों, वैज्ञानिक फिटनेस प्रबंधन एवं उत्कृष्ट खेल वातावरण के कारण मध्यप्रदेश हॉकी सहित विभिन्न खेलों में लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। विभाग का उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए तैयार करना तथा प्रदेश को खेलों के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करना है।

स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से मिलेगा खेल विकास को नया आयाम

बरखेड़ा नाथू में निर्माणाधीन सर्वसुविधायुक्त अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तैयार होने के उपरांत मध्यप्रदेश में खेल विकास को एक नया आयाम प्राप्त होगा। इस अत्याधुनिक परिसर में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण, आवास, फिटनेस, रिकवरी एवं प्रतियोगिताओं से संबंधित सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।
साथ ही यह परिसर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा, जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण एवं बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। यह परियोजना मध्यप्रदेश को देश के अग्रणी खेल राज्यों में और अधिक सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी।